## थानों से निकलकर बस्तियों तक पहुंची वर्दी

# 180 दिन में भोपाल पुलिस ने झुग्गी से कॉलोनी तक जीता भरोसा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल पुलिस का 180 दिन का जनसंवाद अभियान अब पुलिसिंग के बदले स्वरूप की तस्वीर पेश कर रहा है। 15 फरवरी से शुरू हुए इस अभियान के तहत पुलिस झुग्गी बस्तियों से लेकर हाईप्रोफाइल कॉलोनियों तक पहुंची।

पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने खुद 35 थाना क्षेत्रों में लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनीं। खास बात यह रही कि जनसंवाद केवल शिकायत सुनने तक सीमित नहीं रहा। मौके पर ही अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए और बाद में इसकी समीक्षा भी की गई। कमला नगर क्षेत्र में लोगों ने अवैध शराब की बिक्री की शिकायत की। सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की और अवैध कारोबार पर रोक लगाने की कोशिश की। वहीं चूनाभट्टी के बाबा नगर में लोगों ने माइक्रो बीट प्रभारी प्रधान आरक्षक के काम की सराहना की। स्थानीय लोगों के अनुसार उनकी नियमित मौजूदगी से क्षेत्र में करीब 80 प्रतिशत झगड़े और अपराध कम हुए। कमिश्नर ने प्रधान आरक्षक को एक हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



### लापरवाही पर कार्रवाई अच्छे काम पर इनाम

जनसंवाद अभियान केवल उपलब्धियां गिनाने का मंच नहीं रहा। जहां लापरवाही सामने आई, वहां टीआई से लेकर माइक्रो बीट प्रभारी तक की जवाबदेही तय की गई। वहीं बेहतर काम करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित किया गया। कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि यह औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक बीट की जिम्मेदारी तय करने की व्यवस्था है। थाना और बीट प्रभारियों को लगातार जनता के बीच रहने पर जोर दिया गया।

### बारकोड से सीधे कमिश्नर तक शिकायत

पुलिस ने शिकायतों के लिए बारकोड आधारित व्यवस्था भी शुरू की है। लोग बारकोड स्कैन कर सीधे अपनी बात कमिश्नर तक पहुंचा सकते हैं। इससे शिकायतों के लिए थाने के चक्कर लगाने की जरूरत कम हुई है। जनसंवाद के दौरान पुलिस अधिकारी कई बार लोगों के घरों तक भी पहुंचे और समस्याएं दर्ज कीं।

### नशा, जुआ और ट्रैफिक की समस्याएं आईं सामने

अभियान के दौरान नशाखोरी, जुआ-सट्टा, अवैध कॉलोनियों में किराएदारों का सत्यापन न होना, ट्रैफिक जाम और दुर्घटना संभावित स्थानों जैसी समस्याएं सामने आईं। इनमें से कई शिकायतें ऐसी थीं, जो पहले पुलिस तक पहुंचती ही नहीं थीं। पुलिस के सीधे संपर्क से लोगों में शिकायत करने का भरोसा बढ़ा है। 180 दिनों का यह अभियान बताता है कि प्रभावी पुलिसिंग केवल थाने में बैठकर शिकायत का इंतजार करने से नहीं, बल्कि बीट में लगातार मौजूद रहकर भी होती है। यदि यह संवाद और कार्रवाई की व्यवस्था नियमित बनी रही तो भोपाल पुलिस और जनता के बीच भरोसे की यह दूरी आगे और कम हो सकती है।

## पार्श्व गायक मुकेश की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आज

**नप्र, भोपाल :** कायस्थम मध्यप्रदेश ने प्रसिद्ध पार्श्व गायक स्वर्गीय मुकेशचंद्र माथुर की 50वीं पुण्यतिथि पर उनका पुण्य स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। संगठन ने उन्हें सदाबहार मुकेश बताते हुए आम आदमी की पीड़ा को स्वर देने वाला महान गायक बताया। मुकेश की स्मृति में 27 अगस्त की शाम 5 बजे कोलार रोड स्थित होटल प्राइड ऑफ कश्मीर के सभाकक्ष में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में केके सहाय, संजय खरे, शैलेश श्रीवास्तव, राकेश रायजादा, बृजेश सक्सेना, एसके श्रीवास्तव और रत्ना खरे प्रस्तुति देंगे।

## रेलवे स्टेशन पर उमड़ी यात्रियों की भीड़



**नप्र, भोपाल :** रक्षाबंधन पर्व को लेकर भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। पर्व के अवसर पर अपने घर जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ने से स्टेशन के प्लेटफॉर्म और प्रवेश द्वारों पर काफी चहल-पहल रही। त्योहार के चलते ट्रेनों में यात्रियों की आवाजाही बढ़ गई है। बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के साथ यात्रा करते नजर आए। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाएं की गई हैं।

# श्रावणी उपाकर्म व जनेऊ नवीनीकरण 28 को

**नप्र, भोपाल :** सनातन संस्कृति के पावन पर्व श्रावणी उपाकर्म एवं यज्ञोपवीत (जनेऊ) नवीनीकरण का आयोजन 28 अगस्त शुक्रवार को तुलसी नगर स्थित माँ नर्मदा मंदिर परिसर में किया जाएगा। नार्मदीय ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन में वैदिक एवं शास्त्रोक्त विधि से दशविधि स्नान, हेमाद्रि संकल्प, ब्रह्मसूत्र यज्ञोपवीत नवीनीकरण, सप्त ऋषि एवं माता अरुंधती पूजन संपन्न होगा। भगवान भोलेनाथ का अभिषेक, माँ नर्मदा पूजन और महाआरती भी होगी। पूजन में आंवली घाट से लाए गए पवित्र नर्मदा जल का उपयोग किया जाएगा। समाज के संरक्षक पी.सी. शर्मा के मार्गदर्शन एवं अध्यक्ष सुशील बिल्लौरे के नेतृत्व में आयोजन होगा। आचार्य पं. वल्लभानंद शुक्ल के आचार्यत्व में सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे।

# भव्य ओणम् समारोह 30 को

### यूनाइटेड मलयाली एसोसिएशन और मलयालम मिशन एमपी चैप्टर करेंगे आयोजन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** यूनाइटेड मलयाली एसोसिएशन (यूएमए), भोपाल और मलयालम मिशन मध्य प्रदेश चैप्टर के सहयोग से 30 अगस्त को हेमा स्कूल ग्राउंड, गोविंदपुरा में भव्य ओणम समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में भोपाल मलयाली समाज के साथ परिवार, मित्र और शुभचिंतक शामिल होंगे। कार्यक्रम में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मलयालम फिल्म एवं टेलीविजन कलाकार अनीश रवि विशेष आकर्षण रहेंगे। युवा प्रतिभा मास्टर अनिरुद्ध केवी भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

समारोह की शुरुआत दोपहर 3 बजे पारंपरिक अथपू (फूलों की रंगोली) प्रतियोगिता और रस्साकशी प्रतियोगिता से होगी। शाम 5:30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें केरल के पारंपरिक कला रूप, संगीत और नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। शाम 7:30 बजे राजा महाबली का पारंपरिक स्वागत होगा। आयोजन स्थल पर केरल के पारंपरिक व्यंजनों के फूड स्टॉल भी लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। यूएमए अध्यक्ष ओडी जोसेफ ने बताया कि ओणम समानता, न्याय, समृद्धि और भाईचारे का उत्सव है।

# पुरानी रंजिश में फायरिंग जांच में जुटी पुलिस

- कजलीखेड़ा क्षेत्र में वारदात का वीडियो सामने आने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र में मंगलवार-बुधवार की रात करीब 3 बजे दो बदमाशों ने फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें बदमाश फायरिंग करते नजर आ रहे हैं।

फायरिंग के बाद फरियादी अजय बैरागी शिकायत लेकर थाने पहुंचा। उसने आरोप लगाया कि पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज नहीं की और उसे वापस भेज दिया। हालांकि, थाना प्रभारी पल्लवी पांडे ने इन आरोपों से इनकार किया है। थाना प्रभारी के अनुसार, वारदात का आरोप बैरागढ़ चीचली निवासी जीतू यादव पर है। दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# ईद मिलादुन्नबी पर निकले दो चल समारोह

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर बुधवार को मुस्लिम समाज द्वारा जुलूस निकाले गए। मंगलवारा और अशोका गार्डन क्षेत्र से निकले इन जुलूसों में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। मंगलवारा क्षेत्र में मुस्लिम समाज की युवतियों ने तलवार से पारंपरिक करतब भी दिखाए।

ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी की ओर से निकाला गया जुलूस इतवारा मस्जिद से शुरू होकर निर्धारित मार्गों से होते हुए पीरगेट पहुंचा और इमामी गेट पर इसका समापन किया गया। जुलूस में विभिन्न अखाड़ों के दल भी शामिल हुए, जिन्होंने पारंपरिक



कला और शौर्य प्रदर्शन किया।

आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन भोपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत और आपसी सद्भाव को प्रदर्शित करने का माध्यम है। कमेटी के संरक्षक शमशुअल हसन बल्ली ने अलग-अलग स्थानों से निकलने वाले जुलूसों को एक मंच पर लाने की अपील की। मिलादुन्नबी के अवसर पर अशोका गार्डन क्षेत्र से भी जुलूस निकाला गया, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों के साथ बच्चे भी शामिल हुए। जुलूस को देखते हुए पुलिस और यातायात विभाग ने विशेष व्यवस्थाएं कीं। पुराने और नए शहर के कई मार्गों पर आवश्यकता अनुसार यातायात परिवर्तित किया गया। मंगलवारा क्षेत्र में दोपहर 1 बजे से रात 8 बजे तक और अशोका गार्डन क्षेत्र में दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया।

# टिफिन लेने निकली बुजुर्ग महिला को वैन ने कुचला, मौत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पिपलानी थाना क्षेत्र में सड़क पार कर रही 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार वैन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला की निजी अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार सुबह मौत हो गई। घटना के बाद चालक वैन मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

मृतका की पहचान मुन्नी बाई पत्नी स्वर्गीय रोहित, निवासी लेबर कॉलोनी, सोनागिरी के रूप में हुई है। वह घर में अकेली रहती थीं। उनके पति की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी, जबकि करीब पांच वर्ष पहले उनके इकलौते बेटे की बीमारी के कारण मौत हो गई थी।

पुलिस के अनुसार, मुन्नी बाई के लिए एक भोजनालय से रोजाना टिफिन आता था। मंगलवार रात वह टिफिन लेने के लिए घर से निकली थीं। इसी दौरान मुख्य सड़क पार करते समय तेज रफ्तार वैन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। राहगीरों की सूचना पर उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वैन को जब्त कर लिया। पिपलानी थाने के एएसआई सीके चौधरी ने बताया कि चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है।

# पार्सल पहुंचाने से मना करने पर डिलीवरी बॉय से मारपीट

**नप्र, भोपाल :** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित आशिमा मॉल में पार्सल डिलीवरी को लेकर विवाद के बाद डिलीवरी बॉय से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि पार्सल तीसरी मंजिल पर पहुंचाने से मना करने पर महिला समेत चार लोगों ने उसे घेरकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस के अनुसार, 23 वर्षीय रोहित वर्मा एक निजी कंपनी में डिलीवरी बॉय है। बुधवार शाम वह पार्सल लेकर आशिमा मॉल पहुंचा था। पार्सल फरहीन खान के नाम पर था, जो मॉल की तीसरी मंजिल पर आयुर्वेद वैलनेस सेंटर नाम से स्पा सेंटर संचालित करती हैं। रोहित ने बताया कि फरहीन ने उसे पार्सल तीसरी मंजिल पर पहुंचाने को कहा था। उसने दोपहिया वाहन पर पार्सलों से भरा बैग होने और चोरी की आशंका के कारण ऊपर आने में असमर्थता जताई तथा नीचे आकर पार्सल लेने का अनुरोध किया। आरोप है कि इसी बात को लेकर विवाद हुआ। फरहीन अपने साथी अरुण के साथ नीचे आई और डिलीवरी बॉय से बहस के बाद मारपीट शुरू कर दी। बाद में काजल और सुयश भी वहां पहुंच गए। आरोप है कि चारों ने मिलकर रोहित के साथ मारपीट और अभद्रता की। घटना का वीडियो सामने आने के बाद मिसरोद पुलिस ने फरहीन खान, अरुण, काजल और सुयश के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ओणम पर्व पर मुख्यमंत्री ने की सुख-समृद्धि की कामना

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ओणम के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह केरल की जीवंत परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और अन्नदाताओं की समृद्धि का उत्सव है। मुख्यमंत्री ने कामना की कि उमंग और उल्लास से भरा यह पर्व सभी के जीवन में नई खुशियां, सुख-शांति और समृद्धि लेकर आए।

## मुख्यमंत्री ने जौहर दिवस पर किया नमन

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शौर्य, त्याग और अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति रानी पद्मिनी और उनके साथ प्राणोत्सर्ग करने वाली समस्त वीरांगनाओं को जौहर दिवस पर कोटि-कोटि नमन किया है। डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि नारी स्वाभिमान और आत्मगौरव की रक्षा के लिए सभी वीरांगनाओं ने जो त्याग किया, वह सदैव अविस्मरणीय और वंदनीय रहेगा।



महाराष्ट्र भवन में श्रावणी पर्व पर पूजा अर्चना एवं सामूहिक जनेऊ संस्कार का आयोजन किया गया।

# फर्जी अधिकारी बनकर ठगी करने वाली तृप्ति और भाई से पूछताछ

- घर से फर्जी सीबीआई कार्ड, लेटरहेड और अहम दस्तावेज बरामद
- तृप्ति से उसके संपर्कों और पूरे नेटवर्क के संबंध में पूछताछ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** चंदेरी में खुद को मध्य प्रदेश टूरिज्म विभाग की एडिशनल डायरेक्टर बताकर नौकरी लगवाने के नाम पर 9.80 लाख रुपये की ठगी करने वाली तृप्ति सिंह राजपूत और उसके भाई सुधांशु सिंह को चंदेरी पुलिस भोपाल लेकर पहुंची।

पुलिस दोनों आरोपियों को साथ लेकर बागमुगालिया स्थित तृप्ति के घर और अल्कापुरी स्थित उसके ससुराल पहुंची, जहां तलाशी के दौरान कई अहम दस्तावेज और सामान मिले हैं। पुलिस जांच में तृप्ति और उसके भाई के पास से फर्जी सीबीआई कार्ड, लेटरहेड और अन्य दस्तावेज मिलने की बात सामने आई है। पुलिस इन दस्तावेजों की जांच कर रही है कि इनका इस्तेमाल किन लोगों को प्रभावित करने और ठगी के लिए किया गया।

जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी खुद को प्रभावशाली सरकारी अधिकारी दिखाने के लिए किराए की इनोवा कार का इस्तेमाल करते थे। इस कार पर भारत सरकार लिखा हुआ था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि वाहन किससे किराए पर लिया गया था और इसका उपयोग किन लोगों को प्रभावित करने के लिए किया गया।

चंदेरी पुलिस के अनुसार, आरोपी महंगे होटल में ठहरते थे और महंगे मोबाइल फोन सहित अन्य सामानों के जरिए सरकारी अधिकारी होने का प्रभाव बनाते थे। इसी तरीके से लोगों को सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा दिया गया।

पुलिस तृप्ति से उसके संपर्कों और पूरे नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है। जांच में फर्जी दस्तावेज, सरकारी पहचान से जुड़े कागजात, किराए की गाड़ी और मोबाइल फोन की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस मामले में कोई अन्य व्यक्ति या गिरोह भी शामिल है या नहीं।

# शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों के समर्थन में पहुंचे दिग्विजय

- मांगें नहीं मानी गईं तो शिक्षक दिवस से 24 घंटे की भूख हड़ताल की चेतावनी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** शिक्षक भर्ती-2025 और रिक्त पदों को लेकर नीलम पार्क में प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों के बीच बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पहुंचे। उन्होंने अभ्यर्थियों की मांगों को जायज बताते हुए सरकार से जल्द समाधान की मांग की।

उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो शिक्षक दिवस से वह स्वयं 24 घंटे की भूख हड़ताल करेंगे। दिग्विजय सिंह ने कहा कि उनके जीवन में स्वास्थ्य और शिक्षा हमेशा महत्वपूर्ण विषय रहे हैं। उन्होंने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौरान शिक्षा के विस्तार के लिए बड़ी संख्या में स्कूल खोले गए और शिक्षकों की भर्ती में स्थानीय युवाओं को अवसर देने की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सिलेबस में बदलाव का असर उन शिक्षकों पर पड़ रहा है, जिन्होंने लंबे समय तक पुराने पाठ्यक्रम के आधार पर पढ़ाया है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि रिक्त पदों पर भर्ती क्यों नहीं की जा रही है। इस दौरान पूर्व मंत्री पीसी शर्मा भी मौजूद रहे। महिला अभ्यर्थियों ने दिग्विजय सिंह को राखी भी बांधी।

# अनुकंपा नियुक्ति योजना के तहत कर्मचारियों को मिली स्थायी जिम्मेदारी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा आधार पर संविदा पदों पर नियुक्त 43 कर्मियों को नियमित नियुक्ति प्रदान की है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इसे कर्मचारी कल्याण और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। ऊर्जा मंत्री ने नियमित हुए सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने विश्वास जताया कि ये कर्मचारी प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र को और मजबूत बनाने में योगदान देंगे। एमपी ट्रांसको के अनुसार यह नियमितीकरण अनुकंपा नियुक्ति नीति-2018 और संशोधित नीति-2023 के प्रावधानों के तहत किया गया है।


## खोया-पाया

मैं विनय खरे पिता हरीश चंद्र खरे उम्र 45 साल निवासी मकान नंबर 08 सेक्टर बी निखिल बंगलो फेस-03 होशंगाबाद रोड भोपाल मो. नं. 9425028278 मेरे मकान नंबर एस-03 द्वितीय तल श्री राम निप्स प्लाट नंबर 74 एवं 75 मधुवन विहार कालोनी ग्राम भैंरोपुर विकास खण्ड फंदा तहसील हुजूर जिला भोपाल की रजिस्ट्री पुस्तक क्रं. ए-1 ग्रन्थ नं. 4678 में पृष्ठ 63-70 पर क्रमांक 5960 दिनांक 29.03.2013 जो मेरे व पत्नी मोसमी खरे के नाम पर है गुम हो गई है मैने रजिस्ट्री को न तो किसी को दिया है और न बेचा है और न किसी को गिरवी या बंधक रखा है सूचित हो।

**विनय खरे**

1426

## जाहिर सूचना

**भूमि पुराना खसरा क्र.-90, 91/2 नया खसरा क्र-460/2 में से 0.52 एकड़ अर्थात 0.2100 हैक्टेयर भूमि स्थित ग्राम मेण्डोरी, तहसील हुजूर, जिला भोपाल के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री दीपू सक्सेना उर्फ रतनदीप सक्सेना आ. श्री आर.सी. सक्सेना द्वारा विक्रेता राहुल सक्सेना आ. श्री आर.सी. सक्सेना, आयु वयस्क, निवासी-ग्राम बतेरा, केरवा डेम रोड, शहर भोपाल के स्वत्व, स्वामित्व की आवासीय भूमि पुराना खसरा क्र-90, 91/2 नया खसरा क्र-460/2 में से 0.52 एकड़ अर्थात 0.2100 हैक्टेयर भूमि स्थित ग्राम मेण्डोरी, तहसील हुजूर, जिला भोपाल को संपूर्ण प्रतिफल राशि का भुगतान कर क्रय कर ली गयी है, जिस संबंध में विक्रेता राहुल सक्सेना आ. श्री आर.सी. सक्सेना द्वारा मेरे पक्षकार के साथ मौखिक अनुबंध भी किया गया है। ऐसी स्थिति में मेरा पक्षकार उक्त भूमि का स्वत्व, स्वामित्व रखता है। ऐसी स्थिति में विक्रेता राहुल सक्सेना आ. श्री आर.सी. सक्सेना उक्त भूमि पर वित्तीय संस्थान से अवैधानिक रूप से लोन लेने हेतु अग्रसर है। यदि वर्तमान स्थिति में कोई वित्तीय संस्थान उपरोक्त भूमि के संबंध में राहुल सक्सेना आ. श्री आर.सी. सक्सेना को लोन राशि प्रदान करता है तो वह प्रारंभ से ही अवैधानिक होकर उपरोक्त भूमि एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। उक्त जाहिर सूचना पर किसी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्थान, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग या किसी अन्य को कोई आपत्ति है तो वह उक्त जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करावें।

**MAHENDRA SINGH RAJPUT, ADVOCATE**
**Office: E-26/403, Gorishankar Awasiya Parisar, Spring Vely ke pass, Barrai, Katara, Bhopal (M.P.) 462043**
**Mob:9926980251**

1425

## परिशिष्ट B-संख्यांक 13

**सिविल न्यायालय बैरसिया जिला भोपाल चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, बैरसिया भोपाल**

नोटिस प्रकाशन हेतु उत्तराधिकार
एमजेसी एसयूसी/5/2026
रामदास बनाम सर्वसाधारण
NEXT DATE :18-09-2026

**प्रेषिती-** सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामदास पता वार्ड नं. 01 बैरसिया, जिला भोपाल म.प्र. ने मृतक गोपालदास निवासी वार्ड क्मांक 1 बैरसिया की 23781.23 राशि/ संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक/ संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 18-09-2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 18.09.2026 को न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 08-08-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**अर्जित दुबे,न्यायाधीश**
**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**

AG

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

## आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक-58/बी मण्डल द्वारा श्री सुहैल उद्दीन आत्मज श्री काजी खेरूद्दीन के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन पंजीयक कार्यालय से दिनांक 29/05/2013 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 18/12/2020 को पंजीकृत किया गया है। उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 20/9/2042 तक वैध है। श्री सुहैल उद्दीन आत्मज श्री काजी खेरूद्दीन द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती हफीजा बी पत्नी श्री इसरार को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय दिया है। जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 01/02/2022 को निष्पादित किया गया है। श्रीमती हफीजा बी द्वारा उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण दस्तावेज पर अन्य कार्यवाही हेतु पुत्री श्रीमती सीमा खान को मुख्तारआम नियुक्त कर दिनांक 02/02/2025 को पंजीकृत किया गया है। एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति श्रीमती हफीजा बी पत्नी श्री इसरार के नाम उक्त सम्पत्ति हस्तांतरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। (पूर्व में मण्डल के पत्र नं. 1317 दिनांक 17/04/2026 द्वारा विप्ज्ञित का प्रकाशन नहीं कराया गया था, लेकिन पक्षकार के द्वारा हस्तांतरण फीस जमा नही होने के कारण हस्तांतरण आदेश जारी नही हो पाया एवं इसीलिये उक्त सम्पत्ति का विप्ज्ञित का प्रकाशन पुनः कराया जा रहा है।) यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अघो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल**

1424

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

## आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.-23 मण्डल द्वारा (1) श्री ओम प्रकाश मेहरा आत्मज श्री प्रेम नारायण मेहरा (2) श्रीमती इन्द्रा मेहरा पत्नी श्री ओम प्रकाश मेहरा के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन पंजीयक कार्यालय से दिनांक 08/01/2007 को पंजीकृत किया गया है। (1) श्री ओम प्रकाश मेहरा आत्मज श्री प्रेम नारायण मेहरा (2) श्रीमती इन्द्रा मेहरा पत्नी श्री ओम प्रकाश मेहरा द्वारा उक्त सम्पत्ति, श्रीमती पूजा सिंह पत्नी श्री आशीष कुमार सूर्यवंशी, पुत्री श्री चन्द्र शेखर सिंह को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय दिया है। जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 05/08/2026 को निष्पादित किया गया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति श्रीमती पूजा सिंह पत्नी श्री आशीष कुमार सूर्यवंशी, पुत्री श्री चन्द्र शेखर सिंह के नाम उक्त सम्पत्ति हस्तांतरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अघो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल**

1423

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

## आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल में स्थित फ्लेट क्रमांक एल.एफ.-49 (भू तल) मण्डल द्वारा श्रीमती अनिता बिसेन पत्नी श्री अशोक कुमार बिसेन के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन पंजीयक कार्यालय से दिनांक 31/08/2009 को पंजीकृत किया गया है। श्रीमती अनिता बिसेन पत्नी श्री अशोक कुमार बिसेन द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती सीता सवासिया पत्नी श्री रोहित चन्द्रवंशी, पुत्री श्री द्वारका प्रसाद सवासिया को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय दिया है। जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 21/08/2026 को निष्पादित किया गया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति श्रीमती सीता सवासिया पत्नी श्री रोहित चन्द्रवंशी, पुत्री श्री द्वारका प्रसाद सवासिया के नाम उक्त सम्पत्ति हस्तांतरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अघो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल**

1422